राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 24 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं के विरुद्ध द्वेषपूर्ण कार्यवाही की जा रही है। केंद्र सरकार की विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने की नीति के अनुसरण में ईडी द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी को तथ्य हीन एवं निराधार आरोपों के तहत नोटिस दिया गया है। जिसके विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एवं नेता मंगलवार 26 जुलाई 2022 को प्रातः 10.00 शहीद स्मारक गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा जयपुर पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह करेंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों एवं जनविरोधी निर्णयों के विरोध में आवाज उठाने वाले नेताओं को प्रताड़ित करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। केंद्र सरकार की इस नीति के अनुसरण में ईडी द्वारा निराधार एवं तथ्य हीन आरोपों में पूर्व में कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी को नोटिस दिया गया तथा 55 से 60 घंटे तक पूछताछ की और अब इसी नीति के तहत कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी को ईडी द्वारा नोटिस दिया गया है। जिसके विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा **मंगलवार दिनांक 26 जुलाई 2022 को प्रातः 10.00 बजे शहीद स्मारक गवर्नमेंट चौराहा जयपुर पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह** किया जाएगा। सत्याग्रह में राजस्थान मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण/विधायक प्रत्याशीगण, सांसद/सांसद प्रत्याशीगण, कांग्रेस पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter